Email: Sugandh.cbse@live.com
Website: www.cbseacademic.i n

Tel: 011-23220155
011-23231248

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

शिक्षा सदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली-110002.

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)
"Shiksha Sadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, Delhi-110002

---

**5 जुलाई, 2016**
**परिपत्र संख्या शै. 24/2016**

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध**
**सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए**

**विषय: आविष्कार पहेली-2016 की द्वितीय श्रृंखला**

**प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या**

*'मैं यह शुरू से विश्वास करता हूँ कि नई पीढ़ी को वैज्ञानिक बनने के सपने को बनाए रखना चाहिए, विज्ञान में गहरी रुचि होनी चाहिए और हमारे युवाओं को आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ करने के लिए उत्साह के साथ कदम आगे बढ़ाने चाहिए।*

- श्री नरेन्द्र मोदी *'मन की बात 26 जून 2016'*

**विज्ञान, प्रौद्योगिकी** और **नवाचार** विश्व में राष्ट्रीय विकास के मुख्य वाहक बनकर उभरे हैं। बच्चों को वैज्ञानिक व्यवसाय के लिए प्रोत्साहित करने और व्यस्त रखने के लिए विद्यालय स्तर पर सहायक वातावरण उपलब्ध कराकर भारत भविष्य के नवाचार को दिशा देना चाहता है। **मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (RAA)** की स्थापना की है, यह एक अभिसारी संरचना है, जिसका उद्देश्य जिज्ञासा और सृजनात्मकता की भावना को पैदा करना, *बच्चों के मध्य विज्ञान और गणित के प्रति रुचि, तकनीकी का प्रयोग और वे जो इन विषयों के प्रति झुकाव और प्रवीणता प्रदर्शित करते हैं*, को शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान की नई ऊँचाईयों के लिए प्रोत्साहित करना है। विद्यालय और कक्षा के कार्य को प्रमुखता देते हुए **RAA** गैर विद्यालयी स्थापनाओं में **भी विज्ञान, गणित** और **प्रौद्योगिकी** शक्ति की संभावनाओं की वृद्धि का उद्देश्य रखती है।











**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड** ने इस अभियान को समर्थन देने के प्रयास में, विद्यालयों के तथ्यविषयक प्रत्युत्तर के साथ *आविष्कार पहेली की प्रथम ृंखला* पूर्ण की है। विद्यालय के बच्चों में विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सृजनात्मकता और नवाचार की भावना को बढ़ाने के लिए **आविष्कार पहेली की द्वितीय शृंखला** विद्यालयी स्तर की प्रतियोगिताओं के साथ **11 जुलाई 2016** से शुरु हो रही है। विद्यालय **11 से 15 जुलाई 2016** के मध्य कभी भी पहेली प्रतियोगिता करा सकते हैं। विद्यालय स्तर की पहेली का अनुकरण बोर्ड द्वारा विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं से चयनित विद्यार्थियों के लिए **26 जुलाई 2016** को ऑनलाइन पहेली प्रतियोगिता से किया जाएगा। इसका विवरण निम्न प्रकार से है:

लक्ष्य समूह: निम्न वर्ग में, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबंध विद्यालयों के विद्यार्थी

- **प्राथमिक:** I- V
- **अपर प्राथमिक:** VI- VIII
- **माध्यमिक :** IX –XII

**योग्यता:** के.मा.शि.बो. से संबद्ध विद्यालयों में कक्षा I से XII (आयु 6-18) तक की कक्षाओं में अध्ययनरत वास्तविक विद्यार्थी संबंधित वर्ग में भागीदारी कर सकता है।

**चरण:** विद्यालयी स्तर पर आमने-सामने प्रतियोगिता जिसका अनुकरण के.मा.शि.बो. की ऑनलाइन प्रतियोगिता के द्वारा सर्वोत्तम प्रतिभाओं की खोज हेतु किया जाऐगा।

**माध्यम:** अंग्रेजी/हिंदी

**जुलाई का विषय:** वातावरण

**पुरस्कार:** प्रत्येक वर्ग से 10 विद्यार्थी (प्राथमिक-10, अपर प्राथमिक -10, माध्यमिक-10) का चयन, ऑनलाइन पहेली को पूर्ण करने में अधिकतम अंक अर्जित करने और न्यूनतम समय लेने पर किया जाएगा। प्राथमिक और अपर प्राथमिक स्तर पर सर्वाधिक अंक अर्जित करने वालों को ऑनलाइन पहेली के पश्चात 2500/- रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार की राशि का दावा करने के लिए विद्यालयों के प्रधानाचार्य को ई-मेल के द्वारा, तीन दिन के अन्दर *परिपत्र में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, विजेता का वास्तविकता प्रमाणपत्र भेजना होगा। बोर्ड ई-मेल से प्राप्त प्रतिलिपि के आधार पर पुरस्कार राशि प्रेषित करेगा।*

माध्यमिक वर्ग में शीर्ष 10 अंक अर्जित कर्ताओं को पुरस्कार राशि का दावा करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने होगा। प्रतियोगिता के बारे में विवरण बाद में सूचित किया जाएगा।

**पहेली प्रतियोगिता का आयोजन**: बड़ी संख्याओं में विद्यार्थियों की भागीदारी, विद्यालयों के शामिल होने और योग्यता के आधार पर विजेताओं का चयन सुनिश्चित करने के लिए, प्रतियोगिता दो चरणों में प्रस्तावित की जाती है:

**चरण: 1 विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता:**

विद्यालय उपरोक्त दर्शाए वर्ग में, गणित, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में **11 से 15 जुलाई 2016** के मध्य तीन वर्गों में पहेली का आयोजन कर सकते हैं। केन्द्र बिन्दु सृजनात्मकता और नवाचार होना चाहिए। विद्यालय अन्तर हाऊस प्रतियोगिता करवाएगें और प्रत्येक वर्ग (प्राथमिक, अपर प्राथमिक और माध्यमिक) से सर्वोत्तम 2 विद्यार्थियों का चयन करेंगे।

उम्मीदवारों का चयन पक्षपात रहित तरीके से, पहेली प्रतियोगिता में रुचि रखनेवाले सभी सम्मिलित विद्यार्थियों से किया जाएगा। प्रारम्भिक सूचीकरण के लिए विद्यालय अपना स्वयं का तरीका तैयार कर सकते हैं। तथापि विद्यालय में पहेली प्रतियोगिता का आयोजन आवश्यक शर्त है। दूसरे चरण में भागीदारी के लिए प्रत्येक वर्ग में विजेताओं का नाम कुल भागीदारों की संख्या, घटना की 2 फोटो प्रतियां और 200 शब्दों की रिपोर्ट, विद्यालय द्वारा के.मा.शि.बो की वेबसाइट पर **16 जुलाई को सायं 5 बजे तक** अन्तिम रूप से अपलोड कर देनी चाहिए। फोटोग्राफ की अपलोडिंग के लिए विशिष्टियां नीचे दी गई हैं:

- इमेज फार्मेट– JPEG, साइज–अधिकतम 200 KB

यह केवल प्रतियोगिता का पहला स्तर है और बोर्ड प्रथम चरण के विजेताओं को पुरस्कार नहीं देगा।

**चरण: 2 –बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली ऑनलाइन पहेली:**

विद्यालय द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड प्रत्येक विजेता को यूज़र आई डी और पासवर्ड जारी करेगा और उसे प्रधानाचार्य द्वारा उपलब्ध कराए गए ई-मेल आई डी को प्रेषित किया जाएगा। विद्यार्थी जो प्रथम चरण में जीत गए हैं और जिन्होंने प्रधानाचार्य के माध्यम से निर्धारित तिथि के अन्दर अपने को पंजीकृत करवा लिया है, वे 26 जुलाई 2016 को आयोजित पहेली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ऑनलाइन पहेली के विस्तृत विजेता उचित समय पर वेबसाइट www.cbseacademic.in द्वारा सूचित किए जाएंगे।

सर्वोत्तम प्रविष्टियां (प्राथमिक 10, अपर प्राथमिक 10 और माध्यमिक 10) का चयन ऑनलाइन पहली प्रतियोगिता को पूरा करने में अधिकतम अंक अर्जित करने और न्यूनतम समय लेने के आधार पर किया जाएगा। ऑनलाइन प्रतियोगिता के पश्चात **प्राथमिक और अपर प्राथमिक स्तर के 10 सर्वोत्तम अंक अर्जित कर्ताओं को 2500/- रुपये के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।**

पुरस्कार की राशि का दावा करने के लिए विद्यालयों के प्रधानाचार्य को ई-मेल **avishkarquiz@gmail.com** पर तीन दिन के अन्दर परिपत्र में दिए गए प्रपत्र के अनुसार विजेता का वास्तविकता प्रमाण पत्र भेजना होगा।

**माध्यमिक वर्ग** में 10 शीर्ष अंक अर्जित कर्ताओं को पुरस्कार राशि का दावा करने के लिए **राष्ट्रीय स्तर** की प्रतियोगिता में भाग लेना होगा।

आप पहेली प्रतियोगिता में अधिकतम विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित् कर सकते हैं, जो बाद में **गणित, विज्ञान और प्रौद्योगिकी** के क्षेत्र में जिज्ञासा और सृजनात्मकता को बढ़ावा देगा। अन्य जानकारियों के लिए आप **avishkarquiz@gmail.com** पर ईमेल भेज सकते है या 011-23237779 पर फोन कर सकते हैं।

शुभकामनाएँ<br>
**हस्ताक्षरित/-**<br>
**सुगंध शर्मा**<br>
**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**

**अधोलिखित, समस्त निदेशालयों, संगठनों, संस्थानों के प्रमुखों और अधिकारियों को प्रतिलिपि इस अनुरोध के साथ जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों को सूचना प्रदान करने का कष्ट करें।**

1 आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
2 आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा 201307
3 शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4 निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5 शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6 निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7 शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8 राज्य शिक्षा संस्थान, के.मा.शि.बो. कक्ष, वी.आई.पी. मार्ग जंगली घाट. पी.ओ.-744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह
9 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस.एस. प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
10 अपर महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
11 निदेशक, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना), एकीकृत मुख्यालय, FDRC बिल्डिंग नं 202, शंकर विहार (निकट ए पी एस), दिल्ली कैंट-110010.
12 सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी के.मा.शि.बो. को अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को परिपत्र की प्रति प्रेषित करने हेतु
13 एसोसिएट प्रोफेसर/अपर निदेशक/प्रभारी/अनुसंधान एवं नवाचार, शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध के.मा.शि.बो.
14 संयुक्त सचिव/प्रभारी/शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण (शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध, के.मा.शि.बो.)
15 सभी एसोसिएट प्रोफेसर और अपर निदेशक/सलाहकार/परामर्शदाता
16 सभी अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सहायक-निदेशक, वोकेशलन सेल, के.मा.शि.बो.
17 सभी सहायक प्रोफेसर एवं संयुक्त निदेशक, के.मा.शि.बो.
18 सभी सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, के.मा.शि.बो.
19 उप निदेशक (परीक्षा एवं सुधार), के.मा.शि.बो.
20 सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, के.मा.शि.बो.
21 जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.
22 हिंदी अधिकारी, के.मा.शि.बो.
23 अध्यक्ष, के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
24 सचिव, के.मा.शि.बो. के निजी सचिव
25 परीक्षा नियंत्रक, के.मा.शि.बो. के के निजी सचिव
26 निदेशक (विशेष परीक्षा तथा सी.टी.ई.टी.), के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
27 निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के निजी सहायक

**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**